Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- नगर पालिका अंता जिला बारां के सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह की आकस्मिक चौकिंग में संदिग्ध राशि 3,70,000/- रुपये जप्त।

जयपुर, 11 अप्रेल 2026, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी करौली ईकाई द्वारा आज आकस्मिक चौंकिग की कार्यवाही करते हुये **महेन्द्र सिह सहायक अभिन्यता नगर पालिका अंता जिला बारां** की तलाशी में मिली संदिग्ध राशि **3,70,000/- रुपये** अक्षरे तीन लाख सत्तर हजार रुपये मिले जिनके बारे में संदिग्ध अधिकारी से इतनी बड़ी राशि प्राप्त करने के बारे में पूछताछ कर कार्यवाही जारी है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द्र गुप्ता** ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को सूत्र सूचना से इस आशय की  मिली कि नगर पालिका अंता जिला बारा में पदस्थापित महेन्द्र सिंह सहायक अभिन्यता बड़ी मात्रा में अवैध राशि एकत्रित कर शुक्रवार शाम या शनिवार सुबह अपने घर हिण्डौन सिटी जिला करौली जायेगे।

जिसपर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में **श्री जगदीश भारद्वाज पुलिस निरीक्षक एसीबी करौली** द्वारा बयाना रोड़ हिण्डौन सिटी में आकस्मिक चौंकिग की कार्यवाही करते हुये महेन्द्र सिंह सहायक अभियंता नगर पालिका अंता जिला बारा के कब्जे से संदिग्ध अवैध राशि 3,70,000/- रुपये बरामद किये गये। सहायक अभियन्ता द्वारा कोई ठोस सबूत या सन्तोषप्रद जबाव नही देने पर राशि को जप्त कर विस्तृत जांच की जावेगी।

ए.सी.बी. की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** एवं **श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अग्रिम जांच/अनुसंधान किया जायेगा।